स्टॉप चैकों के बारे में जो निर्देश है उनका ऊपर उल्लेख किया जा चुका है। न्यायालय द्वारा सिर्फ तर्कों व दस्तावेजों पर विचार किया जाना है। स्टॉप चैक्स के लिए बताये गये उपरोक्त प्रक्रिया में अंकित है कि खाते में राईट साईड पर इसकी प्रविष्टि की जायेगी तथा रैड स्लीप भी बनाई जाकर उस पर विवरण अंकित कर अधिकारी के हस्ताक्षर कराकर खाते की अन्तिम प्रविष्टि के सामने चिपकाई जायेगी तथा खाते पर स्टॉप भी लिखा जायेगा जो कि बाद में होने वाली प्रत्येक प्रविष्टि के बाद में नीचे ले आई जाती रहेगी। इस तरह यह अत्यन्त स्पष्ट है कि जिस दिन भुगतान रोके जाने के निर्देश प्राप्त होते है उस दिन तक खातें में हो चुकी प्रविष्टि के फौरन बाद में यह अंकित किया जाना है कि भुगतान रोका गया है। किसी न किसी तरीके से यह सुनिश्चित किया जाना है कि निर्देश प्राप्त होने तक हो चुके लेन-देन के बाद में होने वाले प्रत्येक भुगतान के लिए इस स्टॉप पैमेन्ट के निर्देश का ध्यान रखा जाता है। चूंकि स्टॉप पैमेन्ट का यह निर्देश ऊपर ही ऊपर अंकित किया हुआ है अतः विपक्षी के इस तर्क में सार प्रतीत होता है कि यह प्रविष्टि बाद में की गई। यहां पर यह उल्लेखनीय है कि 19-12-1988 को इस चैक संख्या 777897 का भुगतान हुआ है जिसके सामने या 9-12-1988 व इसके बाद में किसी भी प्रविष्टि के आगे भुगतान रोके जाने की कोई प्रविष्टि नहीं है। 9-12-1983 की प्रविष्टि के बाद में कर्व लाईन भी नहीं है। कर्व लाईन का उद्देश्य भी यही प्रतीत होता है कि रुका इत्यादि लिखे जाने के कॉलम में लम्बी खड़ी लाईन होना देखते ही संबंधित किसी भी कर्मचारी को यह प्रकट हो जाए कि कोई भी प्रविष्टि की जाते समय ध्यान रखा जाए।

इस तरह यह प्रकट होता है कि सम्बन्धित कर्मचारी ने रेड स्लीप नहीं बनाई न ही यह रेड स्लीप इस खाते में चिपकाई यह भी प्रमाणित होता है कि निर्देश प्राप्त होने तक अन्तिम प्रविष्टि के आगे स्टॉप की प्रविष्टि नहीं की गई। यह भी प्रमाणित होता है कि निर्देश प्राप्त हुआ उसके बाद में लेन-देन होते हुए भी इसकी प्रविष्टि नहीं की गई। अतः यह नहीं कहा जा सकता कि दोष सिद्धी पूरी तरह से आधारहीन है।

यहां पर यह उल्लेख कर देना उचित है कि यदि नियम व प्रक्रिया अनुसार व न्याय के प्राकृतिक सिद्धांतों की पालना करते हुए यदि विभागीय जांच होती है तो जब तक रिकॉर्ड से बिल्कुल ही अजीब स्थिति प्रकट न हो गुणों पर विचार करने का न्यायालय का क्षेत्र काफी सीमित हो जाता है।

सम्बन्धित कर्मचारी ने अपने उत्तर दिनांक 25-6-91 एनेक्सचर—6 में बताया है कि 9-12-1988 को चैक सं. 777897 के स्टॉप पैमेन्ट के बारे में एक पत्र दिया है तथा "यह बात सही है कि मैंने स्टॉप पैमेन्ट इंस्ट्रक्शन नीली स्याही से एवं छोटे अक्षरों में टिप्पणी कॉलम में लिखा परन्तु जहां तक मुझे याद पड़ता है मैंने लाल स्याही से डाऊनवर्ड कर्व लाईन खींची थी। इसके अलावा जहां तक मुझे याद है कि रेड स्लिप भी बनायी और रजिस्टर में लगाकर प्रभारी अधिकारी को मय पावती पत्र के दी थी ....इसमें आगे बताया गया है "आरोप नम्बर—2 के सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि पार्टी को खाते की लेजर शीट जांच किये बिना टोकन दिया जाना इतना गम्भीर नहीं है क्योंकि इस खाते में प्रबन्धक द्वारा समय-समय पर ओवरड्राफ्ट दिया जाता रहा है।" इस तरह कर्मचारी ने स्वीकार किया है कि उसने बिना खाते की जांच किये टोकन दे दिया था, जब खाते की जांच किये बिना टोकन दे दिया गया है तो एक आरोप स्वतः प्रमाणित हो जाता है, अतः बिना खाता देखे टोकन दिया जाता है तथा यदि प्रार्थी द्वारा प्रविष्टि कर दी गई है तो उसका

कोई अर्थ नहीं रह जाता तथा खाते में निर्देश अंकित किये जाने का कोई अर्थ ही नहीं रहता ; ।

इस तरह कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई है तथा नियमानुसार प्रार्थी को दोषी माना गया है। कर्मचारी को दिनांक 2-5-91 के पत्र से एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का दण्ड प्रस्तावित किया गया था तथा कर्मचारी ने 8-5-91 के अपने पत्र एनेक्सचर–8 से इसका उत्तर भी दिया तथा 13-6-91 के पत्र एनेक्सचर-9 से तमाम तथ्यों पर विचार कर चेतावनी का दण्ड दिया गया। प्रार्थी द्वारा दी गई अपील भी अस्वीकार की गई है।

यह अत्यधिक विवादित हो सकता है कि इस तरह के मामलों में न्यायालय दिये गये दण्ड में कमी कर सकती है। इस मामले में इस प्रश्न पर विचार करने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती क्योंकि जैसा कि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, प्रार्थी की दोष सिद्धी पूरी तरह जांच व प्रक्रिया अनुसार हुई है, जो दण्ड दिया गया है वह चेतावनी है जो कि न्यूनतम सम्भव दण्ड हो सकता है अतः इसमें हस्तक्षेप किये जाने का कोई प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

परिणामस्वरूप प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। तदनुसार यह रेफरेन्स निर्णित किये जाने योग्य है।

अधिनिर्णय

अतः यह अधिनिर्णित किया जाता है कि पंजाब नेशनल बैंक, जोधपुर द्वारा दिनांक 13-6-1991 के आदेश से श्री एस. के बोहरा को चेतावनी का दण्ड दिया जाना उचित है। प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। इस अधिनिर्णय को प्रकाशन हेतु श्रम विभाग भारत सरकार को प्रेषित किया जावे।

यह अधिनिर्णय आज दिनांक 02-12-1997 को खुले न्यायालय में हस्ताक्षर कर सुनाया गया।

चांदमल तोतला, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1998

का०आ० 555.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार दूरसंचार जिला अभियंता, बिलासपुर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जबलपुर के पंच.ट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 20-2-97 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-40012/1/91–आई आर (डीयू)]

के.वी.बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th February, 1998

S.O. 555.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jabalpur as shown in the Annexure, in the industrial disptue between the employers in relation to the management of Telephone Distt. Engineer, Bilaspur (M.P.) and their workman, which was received by the Central Government on 20-2-1998.

[No. L-40012/1/91-IR (D.U.)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण एवं श्रम न्यायालय, जबलपुर म.प्र.

डी.एन. दीक्षित

पीठासीन अधिकारी

प्र.कं. सी जी आई टी/एल सी/आर/186/91

श्री जान एल्विन एक्का
मार्फत : श्री ई. एक्का
जूनियन सुपरवाइजर,
सैन्ट्रल टेलीफोन एक्सचेंज,
विलासपुर (म.प्र.) 495001 —प्रार्थी

विरुद्ध

दूरसंचार जिला अभियंता,
दूरसंचार विभाग, बिलासपुर
जिला-बिलासपुर (म.प्र.) —प्रतिप्रार्थी

अवार्ड

दिनांकित : 22/01/1998

1. भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपने आदेश संख्या: एल-40012/1/91– आई.आर.(डी.यू.) दि. 9-10-91 के द्वारा निम्नलिखित विवाद निराकरण हेतु इस न्यायाधिकरण को प्रेषित किया है :—

अनुसूची

"Whether the Telephone District Engineer, Bilaspur was justified in terminating the service of Shri Johan Elvin Ekka a Casual Labour under Asstt. Engineer Phones, Bilaspur vide their letter dated 26-5-1990 ? If not, to what relief the workman concerned is entitled to ?"

2. प्रकरण साक्ष्य हेतु दिनांक 20/10/97 को नियत था और इस दिनांक को दोनों पक्ष अनुपस्थित हो गए। दोनों पक्षों के विरुद्ध इस दिनांक को एकपक्षीय कार्यवाही की गई। इस दिनांक से आज तक किसी भी पक्ष ने एकपक्षीय कार्यवाही निरस्त का आवेदन नहीं दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि पक्षकारों को विवाद के निराकरण में कोई रुचि नहीं रह गई। श्रमिक को जो बात सिद्ध करनी थी, वह साबित करने में उसकी रुचि नहीं है। अवार्ड दिया जाता है कि श्रमिक ने जो विवाद उठाया था, उसे सिद्ध नहीं कर सका। दोनों पक्ष इस प्रकरण का अपना-अपना व्यय वहन करें।

3. नियमानुसार अवार्ड की प्रतियां भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित की जाती हैं।

डी०एन० दीक्षित, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1998

का.आ. 556.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार गन कैरिज फैक्ट्री, जबलपुर (म.प्र.) के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जबलपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 20-2-98 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-14012/2/87-डी-2(बी)]

के.वी.बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th February, 1998

S.O. 556.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jabalpur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Gun Carriage Facotry, Jabalpur and their workman, which was received by the Central Government on 20-2-1998.

[No. L-14012/2/87-D.II (B)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण एवं श्रम न्यायालय,
जबलपुर म.प्र.
डी.एन. दीक्षित,
पीठासीन अधिकारी

प्र. क्रं. सी जी आई टी एल सी (आर) (115)/89

एक्टिंग जनरल सैक्रेटरी,
जी.सी.एफ. एम्प्लाइज यूनियन,
गुलोवाताल, गढ़ा रोड,
आफिस : 592/10, जबलपुर (म.प्र.) —प्रार्थी

विरुद्ध

जनरल मैनेजर,
गनकैरिज फैक्ट्री, जबलपुर (म.प्र.)

—प्रतिप्रार्थी

अवार्ड

दिनांकित : 22/01/1998

1. भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपने आदेश संख्या : एल-14012/2/87-डी-2 (बी) दिनांकित 23/5/89 द्वारा निम्नलिखित विवाद निराकरण हेतु इस अधिकरण को प्रेषित किया है :—

अनुसूची

"Whether the action of management of Gun Carriage Factory, Jabalpur in imposing penalty on Shri R. K. Jain, Turner 'C' vide their order dated 11-5-1981 and 3-6-1981 is justified ? If not, what relief is the workman concerned entitled to ?"

2. दोनों पक्षों को स्वीकार है कि श्रमिक श्री रवि कुमार जैन वर्ष 1981 में गन कैरिज फैक्ट्री, जबलपुर में 'सी' श्रेणी के टर्नर थे।

3. श्रमिक के अनुसार वह ट्रेड यूनियन का काम भी करता है तथा वर्ष 81 में इस संस्था का आर्गेनाइजिंग सैक्रेटरी था दिनांक 20/1/81 को प्रातः समय दो सदस्य यूनियन के पास आए और वेतन कटौत्रा संबंध में शिकायत की। यूनियन सचिव ने श्रमिक श्री आर.के. जैन को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारियों से मिलकर विवाद का निराकरण कराएं। श्रमिक फोरमैन से मिला और उनसे विवाद का निराकरण करने का अनुरोध किया। फोरमैन ने श्रमिक को सबक सिखाने के लिए उसकी झूठी रिपोर्ट की जिसके आधार पर दिनांक 10/2/81 को श्रमिक को चार्ज-शीट दी गई। श्रमिक ने चार्ज शीट को हिन्दी में देने का अनुरोध किया जो उसे नहीं दी गई। प्रबन्धन ने एक पक्षीय उसे दण्ड दिया। आदेश दिनांक 2/6/81 के द्वारा उसकी एक वेतनवृद्धि एक वर्ष के लिए रोकी गई। दूसरी बार श्रमिक ने फोरमैन श्री जी. सेन से अनुरोध किया कि वे वेतन में कटोती नहीं करें। इस पर श्री सेन नाराज हो गए और तीखे शब्दों में वाद-विवाद हुआ। श्री सेन ने श्रमिक श्री जैन के विरुद्ध गन कैरिज फैक्ट्री के महाप्रबन्धक को रिपोर्ट की। दिनांक 10/5/81 को दूसरी चार्ज-शीट दी गई। आदेश दिनांक 11/5/81 के द्वारा श्रमिक का वेतन दो स्टेज, दो वर्ष के लिए पीछे किया गया। दोनों दण्ड जो श्रमिक को दिए गए, उसमें श्रमिक को बचाव के आवश्यक अवसर नहीं दिए गए। प्रबन्धन का यह कहना है कि, चार्ज शीट दिनांक 10/5/81 को श्रमिक ने स्वीकार किया, यह कथन गलत है। दोनों आदेश अवैधानिक हैं तथा नियमों के विपरीत हैं। आदेश दिनांक 11/5/81 में जो दण्ड श्रमिक को दिया गया वह घटना स्थल कार्य के स्थान से दूर है तथा प्रबन्धन को इस प्रकार की घटना पर दण्ड देने का अधिकार नहीं है। श्रमिक चाहता है कि दोनों आदेश निरस्त किए जाएं तथा उसकी जो वेतन वृद्धियां रोकी गई हैं उनका भुगतान ब्याज सहित किया जाए।

4. प्रबन्धन के अनुसार फोरमैन ने यह रिपोर्ट की कि श्रमिक श्री आर.के. जैन और उसके साथी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया है। श्रमिक को चार्जशीट दी गई, किन्तु इसका उत्तर श्रमिक ने नहीं दिया। जांच के पश्चात् दिनांक 3-6-81 को श्रमिक को एक वेतन वृद्धि रोकने का हुक्म दण्ड दिया गया। इस दण्ड के विरुद्ध श्रमिक ने कोई अपील नहीं की। दूसरी बार 6-5-81 को श्रमिक ने फोरमैन को टाईमकीपर कार्यालय में गालियां दी और धमकी दी। इसी दिन बाद में जब फोरमैन अपने घर जा रहा था तो श्रमिक ने धमकियां दी और उसके साथ झूमा-झटकी की। फोरमैन ने रिपोर्ट की। श्रमिक ने मूल रूप से आरोप स्वीकार किए और क्षमा मांगी। फोरमैन के कथन की पुष्टि श्रमिक की स्वीकारोक्ति के पत्र से हुई। इस कदाचरण के गंभीरता को देखते हुए श्रमिक को दो स्टेज पीछे दो वर्ष

के लिए किया गया । प्रबन्धन का कहना है कि गन कैरिज फैक्ट्री का संबंध रक्षा उत्पादन से है और प्रकरण श्रम न्यायालय में नहीं चल सकता । रक्षा उत्पादन का कार्य देश हित में है और सरकार का सावरन फंक्शन है। ऐसी स्थिति में वर्तमान प्रकरण इस न्यायालय में नहीं चल सकता ।

5. उच्चतम न्यायालय ने अपने बहुत से निर्णयों में यह प्रतिपादित किया है कि जहां पर भारत सरकार श्रमिकों से काम लेती है, वहां श्रमिकों से संबंधित विवाद का निराकरण श्रम न्यायालय द्वारा ही होगा । इसका कोई संबंध सावरन फंक्शन से नहीं है। इस प्रकार वर्तमान विवाद इस अधिकरण के अधिकार क्षेत्र में है।

6. प्रथम चार्जशीट जो श्रमिक को दी गई, उसमें यह उल्लेख है कि दिनांक 20-1-81 को श्रमिक आर.के. जैन ने फोरमैन के कमरे में प्रवेश किया और अभद्र भाषा का प्रयोग श्री एस.सी. बेनेर्जी, फोरमैन के लिए किया। श्रमिक से इस संबंध में पक्ष रखने के लिए निर्देश दिए गए। श्रमिक ने दिनांक 25-2-81 और 15-3-81 को प्रबन्धन को यह लिखकर दिया कि उसे अंग्रेजी नहीं आती और हिन्दी में प्रति दी जाए। श्रमिक ने इन आरोपों का कोई भी उत्तर प्रबन्धन को नहीं दिया । प्रबन्धन ने फोरमैन के कथन पर विश्वास करते हुए आदेश दिनांक 3-6-81 पारित किया, जिसके द्वारा एक वर्ष के लिए एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई । श्रमिक को दिनांक 10-2-81 के आरोप का ज्ञान था । इन्होंने अपना पक्ष प्रबंधन के समक्ष नहीं रखा, कारण यह बताया कि अंग्रेजी का आरोप-पत्र ये समझ नहीं पाते ये कथन प्रथम दृष्टया गलत प्रतीत होता है कि श्रमिक श्री आर.के. जैन अंग्रेजी नहीं समझ पाते। श्रमिक ने स्वयं प्रदर्श-डब्ल्यू-6, अपना पत्र दिनांक 11-5-81 प्रस्तुत किया है, जो अंग्रेजी में उसके द्वारा लिखा गया है, इसके पढ़ने से ज्ञात हो जाता है कि श्रमिक को अंग्रेजी भाषा को समझने और लिखने का ज्ञान है। ऐसी स्थिति में आरोप का उत्तर इस आधार पर नहीं देना कि वे अंग्रेजी नहीं जानते, यह बताता है कि श्रमिक आरोप दिनांक 10-2-81 का उत्तर देना ही नहीं चाहता । प्रबन्धन के आदेश दिनांक 3-6-81 में (प्रदर्श-डब्ल्यू-3) यह स्पष्ट उल्लेख है कि चूंकि श्रमिक ने आरोप और तीन स्मरण पत्रों का उत्तर नहीं दिया है, इसलिए प्रबन्धन यह मानता है कि श्रमिक ने कदाचरण किया है। मैं प्रबन्धन के इस तर्क से सहमत हूं कि श्रमिक ने जानबूझकर आरोप दिनांक 10-2-81 का उत्तर नहीं दिया । प्रबन्धन का यह निष्कर्ष भी सही है कि श्रमिक को चार अवसर आरोपों का उत्तर देने के लिए दिए गए और श्रमिक ने उत्तर नहीं दिया, इसलिए यह निष्कर्ष निकाला गया कि फोरमैन का कथन कदाचरण के बारे में सही है। श्रमिक की एक वार्षिक वेतन वृद्धि एक वर्ष के लिए रोकी गई है, यह दण्ड कदाचरण के अनुरूप है। दण्ड श्रमिक को सोच-समझकर और संतुलित दिया गया है। इसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है ।

7. दिनांक 10-5-81 को श्रमिक आर.के. जैन पर दो आरोप लगाए गए। प्रथम यह कि उसने श्री जी. सैन, फोरमैन को गालियां दी और धमकी दी। दूसरा आरोप यह है कि श्रमिक ने जी सैन, फोरमैन के साथ धक्का-झटकी की। इन दोनों आरोपों के उत्तर में श्रमिक ने दिनांक 11-5-81 के पत्र द्वारा प्रदर्श-डब्ल्यू-6 की स्वीकारोक्ति लिखकर दी । श्रमिक की स्वीकाकरोक्ति में उल्लेख है कि वह श्री सेन के पास दिनांक 4-5-81 को गया और वेतन रोकने के बारे में सफाई मांगी । बातचीत के दौरान श्रमिक ने तेज आवाज में अपशब्द श्री सेन को कहे। इन शब्दों के लिए श्रमिक ने माफी मांगी। इसी सत्र में उल्लेख है कि इसी दिन जब वह घर जा रहे थे तो श्रमिक की सायकल की टक्कर श्री सेन की सायकल से हुई, जिसके फलस्वरूप दोनों सायकल से गिर गए। इसी घटना को श्री सेन ने रिपोर्ट किया । इस घटना के लिए भी श्रमिक ने माफी मांगी। श्रमिक की इस स्वीकारोक्ति पर उसे कदाचरण का दोषी पाते हुए प्रबन्धन ने दो वर्ष के लिए दो स्टेज नीचे वेतन पाने का आदेश दिया । दण्ड का स्वरूप क्यूमिलेटिव नहीं था। जो दंड श्रमिक को दिया गया और कदाचरण की जो स्वीकारोक्ति श्रमिक ने दी है, उसके तुलनात्मक विवेचना पर दण्ड उचित प्रतीत होता है। कदाचरण को देखते हुए दण्ड आवश्यक है। कहीं भी दुर्भावना दण्ड में, आकार में या लेख में प्रकट नहीं होती है। इस दण्ड में भी हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

8. ऊपर किसी विवेचना का निष्कर्ष है कि दोनों कदाचरण के लिए श्रमिक को उचित अवसर दिया गया। एक में तो वह टालता रहा और दूसरे में उसने कदाचरण स्वीकार कर लिया है। ऐसी स्थिति में दोनों प्रकरण में कदाचरण श्रमिक के विरुद्ध सिद्ध होता है तथा उसे न्यायोचित दण्ड दिया गया। अवार्ड दिया जाता है कि श्रमिक ये सिद्ध नहीं कर सका कि उसे अनावश्यक रूप से अधिक दण्ड दिया गया है। विवाद का निराकरण प्रबन्धन के पक्ष में किया जाता है। दोनों पक्ष इस प्रकरण का अपना-अपना व्यय सहन करें।

9. नियमानुसार अवार्ड की प्रतियां भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित की जाती है।

डी.एन. दीक्षित, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1998

का.आ. 557 -औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार गन कैरिज फैक्ट्री, जबलपुर (म.प्र.) के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार को औद्योगिक अधिकरण, जबलपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 20-2-98 को प्राप्त हुआ था ।

[स. एल-14012/25/87-डी-2 (बी)]

के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th February, 1998.

S.O. 557.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jabalpur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Gun Carriage Factory, Jabalpur and their workman, which was received by the Central Government on 20-2-1998.

[No. L-14012/25/87-D.II (B)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण एवं श्रम न्यायालय, जबलपुर

म. प्र.

डी. एन. दीक्षित, पीठासीन अधिकारी

प्र. अं. सीजीआईटी/एलसी (आर) (110)/98

श्री प्रेमलाल

द्वारा : जनरल सेक्रेटरी,

जी. वी. एफ. लेबर यूनियन

मकान नं. 1048, लालमाटी

चुंगी चौकी, व्यौहार निवास के पास,

जबलपुर (म.प्र.) ....प्रार्थी

वि.

जनरल मैनेजर,

गन कैरिज फैक्ट्री, जबलपुर (मप्र) ...प्रति प्रार्थी

अवार्ड

दिनांकित : 22-01-1998

1. भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपने आदेश संख्या : एल-140/2/25/87-डी-2 (बी) दिनांक 13-10-81 के द्वारा निम्नलिखित विवाद निराकरण हेतु इस अधिकरण को भेजा है :—

SCHEDULE

"Whether the action of management of Gun Carriage Factory (M.P.) in dismissing Shri Prem Lal, Ex. T. No. 5958/IE, Lab. 'B' from service vide their order dated 22-10-1985 is justified ? If not, to what relief the workman concerned is entitled to and from what date ?"

2. दिनांक 4-9-97 को श्रमिक प्रेमलाल के अभिभावक ने इस न्यायाधिकरण को सूचित किया कि श्रमिक की मृत्यु हो गई है। अभिभावक ने श्रमिक के उत्तराधिकारियों को पक्षकार बनाने के लिए समय मांगा, जो दिया गया। इसके उपरान्त की पेशी दिनांक 28-10-97 को श्रमिक के उत्तराधिकारों या उनके अभिभावक उपस्थित नहीं हुए और एकपक्षीय कार्यवाही की गई। आज दिनांक तक श्रमिक के उत्तराधिकारियों ने एकपक्षीय कार्यवाही निरस्त करने के लिए आवेदन नहीं दिया। ऐसी स्थिति में यह संभव नहीं है कि वर्तमान विवाद का निराकरण हो सके। प्रबंधन के पक्ष में अवार्ड दिया जाता है। दोनों पक्ष इस प्रकरण का अपना-अपना व्यय वहन करें।

3. नियमानुसार अवार्ड की प्रतियां भारत सरकार, श्रम मंत्रालय नई दिल्ली को प्रेषित की जाती है।

डी. एन. दीक्षित, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1998

का.आ. 558.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार सब-डिवीजनल आफिसर, फोन्स, जोधपुर के प्रबंधतंत्र के संबंद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जोधपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 20-2-98 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-40012/111/92-आई आर (डीयू)]

के. वी.बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th February, 1998.

S.O. 558.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jodhpur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Sub-Divisional Offices, Phones, Jodhpur and their workman, which was received by the Central Government on 20-2-1998.

[No. L-40012/111/92-IR (DU)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबंध

औद्योगिक विवाद अधिकरण एवं श्रम न्यायालय

जोधपुर।

पीठासीन अधिकारी :—श्री चांदमल तोतला, आर.एच.जे.एस.

औ. विवाद (केन्द्रीय) सं. : 2/1994

रमेश चन्द पुत्र श्री छोटूलाल शर्मा मार्फत हंसराज मेघराज गट्टानी जी-II/16

मुख्य मण्डी मंडोर, जोधपुर .....प्रार्थी

बनाम

सब डिवीजनल ओफिसर फोन्स जोधपुर .....अप्रार्थी

उपस्थिति :—

(1) प्रार्थी की ओर से श्री डी. के. परिहार प्रतिनिधि

(2) अप्रार्थी की तरफ से श्री विनीत माथुर प्रतिनिधि

अधिनिर्णय

दिनांक 01-12-1997

श्रम मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना संख्या-एल-40012/111/92-आई. आर. (डी. यू.) दिनांक 17-10-1994 से श्रमिक व उसके नियोजक के मध्य उत्पन्न हुआ निम्नांकित विवाद अधिनिर्णय हेतु इस न्यायालय को प्रेषित किया गया है :—

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Sub-Divisional Officer, Phones, Jodhpur in terminating the services of Shri Ramesh Chander S/o. Shri Chhotey Lal Sharma is legal, Proper and justified ? If not, to what relief the workman is entitled ?"

श्रमिक ने उपरोक्त विवाद के संबंध में प्रस्तुत अपने विवरण में बताया है कि उसकी नियुक्ति अप्रैल 1982 में विपक्षी के यहां स्थाई हैल्पर के पद पर हुई थी, जिस पद पर उसने नवम्बर 1984 तक लगातार कार्य किया तथा उसे 10/- रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाता था। आवेदन

में बताया गया है कि प्रार्थी की सेवाएं विपक्षी ने मौखिक आदेश से उसके यहां कार्य उपलब्ध होते हुए भी समाप्त कर दी तथा सेवाएं समाप्त करने से पूर्व प्रार्थी को कोई नोटिस नहीं दिया गया, नोटिस का वेतन भी नहीं दिया गया तथा न ही छंटनी का मुआवजा दिया गया एवं प्रार्थी की सेवा समाप्ति से पूर्व वरिष्ठता सूची भी नहीं बनाई गई थी तथा प्रार्थी की सेवा समाप्ति के बाद में प्रार्थी से कनिष्ठ थी शेर सिंह को विपक्षी ने सेवा में रखा है । इस तरह विपक्षी ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 25-के प्रावधानों का उल्लंघन किया है । आवेदन में यह भी बताया गया है कि प्रार्थी के साथ ही कार्यरत श्रमिक प्रकाश-माल को विपक्षी ने समझौता वार्ता के जरिये सेवा में ले लिया गया तथा प्रार्थी की तरह के ही एक मामले में केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण जोधपुर ने एक श्री भंवरलाल वैष्णव को सेवा में बहाल करने का आदेश दिया है । आवेदन में ही यह बताया गया है कि विपक्षी का यह कहना गलत है कि प्रार्थी 16-11-1994 को काम छोड़कर चला गया तथा प्रार्थी यदि काम छोड़कर गया होता तो विपक्षी आवश्यक तौर से प्रार्थी को काम से अनुपस्थिति मानते हुए नोटिस देकर जांच इत्यादि करवाता तथा इसके पश्चात् ही सेवा मुक्त करता । प्रार्थी ने बताया है कि वह सेवा में लगातार बने रहने तथा लगातार पूर्ण वेतन प्राप्त करने का अधिकारी है । आवेदन में यह भी बताया है कि प्रार्थी विधि व कानून से अनभिज्ञ है तथा प्रकाशमाल व ईश्वर सिंह को नौकरी में लेने की जानकारी प्रार्थी को वर्ष 1992 में हुई थी जब उसने कार्यवाही प्रारंभ की, प्रार्थी ने लगातार सेवा में होने पूरी अवधि के वेतन व भत्ते दिलाये जाने की प्रार्थना की है

विपक्षी ने अपने उत्तर में बताया है कि प्रार्थी को अप्रैल, 1982 में दैनिक वेतन भोगी आकस्मिक मजदूर स्थाई हैल्पर रखा गया था तथा प्रार्थी ने नवम्बर, 1984 तक विभिन्न महीनों में कार्य किया । उत्तर में प्रत्येक माह में किये गये काम के दिनों का विवरण भी अंकित किया गया है जिसके अनुसार वर्ष 1982-83 में 109 दिन, वर्ष 83-84 में 212 दिन तथा वर्ष 84-85 में 209 दिन तक कार्य किया । उत्तर में बताया गया है कि प्रार्थी को कार्य से हटाने का किसी तरह का कोई मौखिक या अन्य आदेश नहीं दिया गया तथा वास्तव में प्रार्थी अपनी इच्छा से कार्य छोड़कर चला गया क्योंकि उस समय विभाग में आकस्मिक मजदूरों को दिया जाने वाला भुगतान कम था । इस तरह प्रार्थी स्वयं विपक्षी के नियोजन से हटा । उत्तर में यह भी बताया गया है कि चूंकि विभाग ने प्रार्थी को सेवा से हटाने की कोई कार्यवाही नहीं की थी अतः वरिष्ठता सूची बनाया जाना अपेक्षित नहीं है । आवेदन में नामजद अन्य श्रमिकों के बारे में बताया गया है कि श्री शेर सिंह को माह जुलाई, 1981 में आकस्मिक मजदूर के तौर पर रखा था तथा वह लगातार कार्य कर रहा था तथा श्री भंवर लाल के मामले में केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जोधपुर के आदेश की पालना में उसे नौकरी पर लिया गया है । उत्तर में बताया गया है कि प्रार्थी ने यह मामला सर्वप्रथम 28-2-1992 को उठाया था जो प्रथम बार 17-7-1992 को इस आधार पर स्वीकार हुआ था कि बिना किसी कारण के काफी लम्बे समय बाद विवाद उठाया है । उत्तर में यह भी बताया गया है कि प्रार्थी ने कभी भी मौखिक या लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विभाग से निवेदन नहीं किया कि उसे पुनः सेवा में लिया जावे तथा अब इतने वर्षों बाद भी प्रार्थी ने उसे पुनः सेवा में लिये जाने का मामला केवल इस लिये उठाया है कि विभाग ने मजदूरी भुगतान की दर लगभग अन्यत्र स्थानों के बराबर कर दी है तथा पुराने आकस्मिक मजदूरों को उनके द्वारा पूर्ण किये सेवाकाल की अवधि अनुसार विभाग में नियमित किये जाने की कार्यवाही शुरू कर दी है । यह भी प्रकट किया गया कि इतने लम्बे समय बाद में मामला उठाने से यह प्रकट होता है कि प्रार्थी स्वयं नौकरी छोड़कर चला गया है ।

विपक्षी ने अपने उत्तर में प्रारंभिक आपत्ति के तौर पर बताया है कि विपक्षी नियोजक दूर संचार विभाग उद्योग की परिभाषा में नहीं आता है तथा प्रार्थी के द्वारा कार्य-वाही में किये गये विलम्ब के आधार पर प्रार्थी का यह मामला खारिज होने योग्य है ।

आवेदन के समर्थन में स्वयं प्रार्थी ने अपना शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जिसमें उसने आवेदन में वर्णित तथ्यों की पुष्टि की है । विपक्षी की ओर से आर. के. व्यास सहायक अभि-यन्ता का शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें उत्तर में वर्णित तथ्यों की पुष्टि की गई है ।

विपक्षी की ओर से आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थी विभाग उद्योग की परिभाषा में नहीं आता है अतः यह विवाद इस न्यायालय में चलने के योग्य नहीं है । इसके उत्तर में प्रार्थी ने बताया है कि विपक्षी संस्थान उद्योग की परिभाषा में आता है तथा साक्ष्य से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि संस्थान उद्योग है या नहीं उत्तर में यह भी बताया गया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय की जिस व्यवस्था का विपक्षी ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है उसकी प्रति-लिपी उपलब्ध नहीं कराई गई है इसके अतिरिक्त प्रत्येक मामले के तथ्य व परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं जिनपर प्रकरण का निर्णय निर्भर करता है ।

विपक्षी नियोजक के इस आवेदन की कि विपक्षी उद्योग नहीं है अतः यह कार्यवाही चलने के योग्य नहीं है, पर दोनों पक्षों के प्रतिनिधिगण के तर्क सुने गये एवं पत्रावली तथा प्रस्तुत किये गये शपथ-पत्रों व दस्तावेजों का अवलोकन किया गया ।

विद्वान प्रतिनिधी विपक्षी ने बताया है प्रेषित अधि-निर्णय हेतु विवाद तथा प्रार्थी के आवेदन-पत्र से ही स्पष्ट है कि इस मामले में नियोजक सब-डिवीजनल अधिकारी फोन्स, जोधपुर अर्थात् दूर संचार विभाग है । विपक्षी की ओर से बताया गया है कि दूर संचार कार्य भारत सरकार द्वारा आवश्यक तौर से किये जाने वाले कार्यों के अधीन होगा, सर्वेण्टो फंक्शन है अतः यह उद्योग की श्रेणी में नहीं आता । प्रार्थी श्रमिक का कहना है कि यह प्रत्येक प्रकरण के तथ्यों पर

निर्भर करता है कि विपक्षी उद्योग की परिभाषा में आता है या नहीं । प्रार्थी की ओर से तर्क दिया गया कि प्रार्थी को दैनिक मजदूरी पर रखा गया था अर्थात् मजदूरी के कार्य पर रखा गया था जो कार्य करने वाला संस्थान उद्योग की श्रेणी में आता है । प्रार्थी की ओर से यह भी बताया गया है कि प्रार्थी श्रमिक की परिभाषा में आता है ।

विपक्षी की ओर से अपने तर्कों के समर्थन में ए. आई. आर 1996 उच्चतम न्यायालय 1271 सब-डिवीजनल इंस्पेक्टर आफ पोस्ट वेगम व अन्य बनाम थैयम् जोसेफ प्रस्तुत की गई है । जिस व्यवस्था का आदरपूर्वक अवलोकन कर प्रस्तुत प्रकरण के तथ्यों में संदर्भ में विचार किया गया। इस व्यवस्था के पैरा-6 में माननीय उच्चतम न्यायालय ने निम्न प्रकार अभिनिर्धारित किया है ।

> "Having regard to the contentions, the question arises whether the appellant is an Industry ? India as a sovereign socialist, secular democratic republic has to establish an egalitarian social order under rule of law. The welfare measures pertains the character of sovereign functions and the traditional duty to maintain law and order is no longer the concept of the State. Directive principle of State policy enjoin on the State diverse duties under Part IV of the Constitution and the performance of the duties are constitutional functions. One of the duties of the State is to provide telcommunication service to the general public and an amenity and so is one essential part of the sovereign functions of the State as a welfare State. It is not, therefore, an industry."

इस तरह स्पष्ट है कि पोस्टल एण्ड कोम्यूनिकेशन विभाग उद्योग की श्रेणी में नहीं आता है। इस तरह दूर संचार विभाग औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत उद्योग की परिभाषा में नही आता है । परिणामतः यह विवाद इस न्यायालय में चलने योग्य ही नहीं रह जाता अतः प्रार्थी को औद्योगिक विवाद अधिनियम के किसी भी प्रावधान का लाभ भी नहीं मिल सकता ।

प्रार्थी की ओर से बताया गया है कि यह अधिनियम के अन्तर्गत श्रमिक की श्रेणी में आता है । न्यायालय की राय में यदि प्रार्थी श्रमिक की परिभाषा में आता है तब भी उसे कोई मदद नहीं मिलती क्योंकि केवल श्रमिक की परिभाषा में आना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि अधिनियम के अन्तर्गत लाभ के लिए विपक्षी का उद्योग होना भी आवश्यक है । नियोजक का अर्थ धारा -25 के अन्तर्गत छटनी या सेवामुक्ति से पूर्व नियोजक को कुछ कार्य करने आवश्यक तौर से करने होते हैं तथा नियोजक इस शब्द के साधारण अर्थ व परिभाषा के अनुसार ही अधिनियम के अन्तर्गत उद्योग हो सकता है । अतः विपक्षी अधिनियम के अन्तर्गत उद्योग की श्रेणी में नहीं आता है परिणामस्वरूप प्रार्थी को इस न्यायालय से कोई अनुतोष नहीं मिल सकता । अतः यह अधिनिर्णित किया जाना चाहिये कि विपक्षी नियोजक उद्योग की श्रेणी में नहीं है । अतः प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है । वास्तव में चूंकि विपक्षी उद्योग की श्रेणी में ही नहीं आता अतः विवाद इस न्यायालय से निर्णित करने योग्य ही नहीं है तथा इस न्यायालय को निर्णय करने की आवश्यकता ही नहीं रह जाती ।

अधिनिर्णय

अतः यह अधिनिर्णित किया जाता है कि सब डिवीजनल ओफिसर फोन्स, जोधपुर उद्योग की श्रेणी में नहीं है अतः औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत इस न्यायालय से प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है । व्यय कार्यवाही पक्षकार अपना-अपना वहन करेंगे इस अधिनिर्णय को प्रकाशन हेतु श्रम मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली को प्रेषित किया जावे ।

यह अधिनिर्णय आज दिनांक 01-12-1997 को खुले न्यायालय में हस्ताक्षर कर सुनाया गया ।

चांदमल तोतला न्यायाधीश

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1998

का.आ. 559.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार स्टेशन वर्कशॉप, ई०एम०ई० मुम्बई के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, नं० 2 मुम्बई के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 20-2-98 को प्राप्त हुआ था ।

[सं० एल–42012/149/96–आई०आर० (डी०यू०)]

के०वी०बी० उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 20th February, 1998

S.O. 559.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, No. 2, Mumbai as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Station Workshop, E.M.E., Mumbai and their workman, which was received by the Central Government on 20-2-98.

[No. L-42012/149/96-IR(DU)]

K. V. B UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. II, MUMBAI

Reference No. CGIT-2/71 of 1997

PRESENT :

Shri S. B. Panse, Presiding Officer.

Employers in relation to the management of Station Workshop, E.M.E.

AND

Their Workmen.

APPEARANCES :

For the Employer : Mr. Jaswinder Pal Singh, Representative.

For the Workmen : No Appearance.

Mumbai, dated 29th January, 1998

AWARD

The Government of India, Ministry of Labour by its order No. L-42012/149/96-IR(DU), dated 14-10-97, had referred to the following Industrial Dispute for adjudication :

"Whether the action of the management of Station Workshop, EME in reverting Shri A. V. Shinde from ED to labourer without conducting proper enquiry is justified ? If not, to what relief is the workman entitled to ?"

2. The Desk Officer had send the copies of this orders to concerned parties. The Secretary also issued notices to the concerned parties. They were duly served. Mr. Suresh Kumar the Advocate filed a purshis at Exhibit-3 on 8-12-1997 informing the Court time may be given for filing the Statement of Claim on behalf of the union. He also informed that he will file a Vakalatnama on the next date. The Union was absent. The matter was then adjourned to 13-1-98. On that day also Suresh Kumar made a request for adjournment for filing the statement of claim. The matter is adjoourned till today. Today till 3.20 p.m. the union representative nor Mr. Suresh Kumar appeared on behalf of the union. The Representative of the management is present. I do not find any reason for adjourning the matter. It appears that the union does not want to proceed with the matter. In the result I make the following order :

ORDER

The action of the management of Station Workshop (EME) in reverting Shri A. V. Shinde from ED to labourer without conducting proper inquiry is justified.

S. B. PANSE, Presiding Officer

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1998

का०आ० 560 :—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा-1 की उप धारा-(3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा 1 मार्च, 1998 को उस तारीख के रूप में नियत करती है, जिसको उक्त अधिनियम के अध्याय-4 (धारा-44 और 45 के सिवाय जो पहले ही प्रवृत्त की जा चुकी है। और अध्याय-5 और 6 (धारा-76 की उपधारा (1) और धारा-77, 78, 79 और 81 के सिवाय जो पहले ही प्रवृत्त की जा चुकी है) के उपबन्ध तमिलनाडु राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रवृत्त होंगे, अर्थात् :—

"जिला डिन्डीगुल के तालुक डिन्डीगुल में राजस्व ग्राम थोटानूथू, सिन्धालाकुन्डू और पिथालाईपट्टी और तालुक पलानी में राजस्व ग्राम आयाकुडी पश्चिम, सिवागिरीपट्टी और आयाकुडी पूर्व के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र"।

[संख्या. एस-38013/15/98-एस०एस०-1]

जे०पी० शुक्ला, अवर सचिव

New Delhi, the 20th February, 1998

S.O. 560.—In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of Section 1 of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948) the Central Government hereby appoints the 1st March, 1998 as the date on which the provisions of Chapter IV (except Sections 44 and 45 which have already been brought into force) and Chapters V and VI (except sub-section (1) of Section 76 and Sections 77, 78, 79 and 81 which have already been brought into force) of the said Act shall come into force in the following areas in the State of Tamil Nadu namely :—

"Areas comprising the revenue villages of Thottanuthu, Sindhalakundu and Pithalaipatty of Dindigul Taluk and revenue villages of Ayakkudi West, Sivagiripatty and Ayakkudi East of Palani Taluk in Dindigul District."

[No. S-38013/15/98-SS-I]

J. P. SHUKLA, Under Secy.

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1998

का०आ० 561 :—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा-1 की उप धारा-(3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा 01 मार्च, 1998 को उस तारीख के रूप में नियत करती है, जिसको उक्त अधिनियम के अध्याय-4 (धारा-44 और 45 के सिवाय जो पहले ही प्रवृत्त की जा चुकी है) और अध्याय-5 और 6 (धारा-76 की उपधारा (1) और धारा-77, 78, 79 और 81 के सिवाय जो पहले ही प्रवृत्त की जा चुकी है)के उपबन्ध तमिलनाडु राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रवृत्त होंगे, अर्थात् :—

"जिला विरुधूनगर के तालुक राजापालायम में राजस्व ग्राम असारीपट्टी, एस० रामालिंगापुरम और अरासीआरपट्टी और तालुक श्रीविल्लीपुथूर में राज्य ग्राम पिल्लीआरकुलम के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र"।

[संख्या. एस-38013/14/98-एस०एस०-1]

जे०पी० शुक्ला, अवर सचिव

New Delhi, the 20th February, 1998

S.O. 561.— In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of Section 1 of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948) the Central Government hereby appoints the 1st March, 1998 as the date on which the provisions of Chapter IV (except Sections 44 and 45 which have already been brought into force) and Chapters V and VI (except sub-section (1) of Section 76 and Sections 77, 78, 79 and 81 which have already been brought into force) of the said Act shall come into force in the following areas in the State of Tamil Nadu namely :—

"Areas comprising the revenue villages of Asaripatti, S. Ramalingapuram and Arasiarpatty of Rajapalayam Taluk and revenue village of Pilliarkulam of Srivilliputhur Taluk in Virudhunagar District."

[No. S-38013/14/98-SS-I]

J. P. SHUKLA, Under Secy.

नई दिल्ली, 27 फरवरी, 1998

का०आ० 562 :—केन्द्रीय सरकार ने यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना अपेक्षित था, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (न) के उपखंड (6) के उपबन्धों के अनुसरण में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का०आ० 2379 दिनांक 1 सितम्बर, 1997 द्वारा शीशा खनन उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 1 सितम्बर, 1997 से छः मास की कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित किया था ;

और केन्द्रीय सरकार की राय है कि लोकहित में उक्त कालावधि को छः मास की और कालावधि के लिए बढ़ाया जाना अपेक्षित है ;

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (न) के उपखंड (6) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 1 मार्च, 1998 से छः मास की और कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित करती है ।

[फा०सं० एस-11017/15/97-आई०आर० (नीति विधि) (i)]

एच० सी० गुप्ता, अवर सचिव

New Delhi, the 27th February, 1998

S.O. 562.—Whereas the Central Government having been satisfied that the public interest so required had, in pursuance of the provisions of sub-clause (vi) of the clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), declared by the Notification of the Government of India in the Ministry of Labour S.O. No. 2379 dated 1st September, 1997 the Lead Mining Industry to be a public utility service for the purpose of the said Act, for a period of six months from the 1st September, 1997;

And whereas, the Central Government is of opinion that public interest requires the extension of the said period by a further period of six months;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947, the Central Government hereby declares the said industry to be a public utility service for the purposes of the said Act for a period of six months from the 1st March, 1998.

[F. No. S-11017/15/97-IR(PL) (i)]

H. C. GUPTA, Under Secy.

नई दिल्ली, 27 फरवरी, 1998

का०आ० 563 :—केन्द्रीय सरकार ने यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना अपेक्षित था, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (न) के उपखंड (6) के उपबन्धों के अनुसरण में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का०आ० 2381 दिनांक 1 सितम्बर, 97 द्वारा कोल उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 1 सितम्बर, 1997 से छः मास की कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित किया था ;

और केन्द्रीय सरकार की राय है कि लोकहित में उक्त कालावधि को छः मास की और कालावधि के लिए बढ़ाया जाना अपेक्षित है ;

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (न) के उपखंड (6) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 1 मार्च, 1998 से छः मास की और कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित करती है ।

[फा०सं० एस-11017/2/97-आई०आर० (नीति विधि)]

एच०सी० गुप्ता, अवर सचिव

New Delhi, the 27th February, 1998

S.O. 563.—Whereas the Central Government having been satisfied that the public interest so required had, in pursuance of the provisions of sub-clause (vi) of the clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), declared by the Notification of the Government of India in the Ministry of Labour S.O. No. 2381 dated the 1st September, 1997 services in the Coal Industry to be a public utility service for the purpose of the said Act, for a period of six months from the 1st September, 1997;

And whereas, the Central Government is of opinion that public interest requires the extension of the said period by a further period of six months;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947, the Central Government hereby declares the said industry to be a public utility service for the purposes of the said Act for a period of six months from the 1st March, 1998.

[F. No. S-11017/2/97-IR(PL)]

H. C. GUPTA, Under Secy.

नई दिल्ली, 27 फरवरी, 1998

का० आ० 564.—केन्द्रीय सरकार ने यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना अपेक्षित था, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (6) के उपबन्धों के अनुसरण में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का०आ० 2466 दिनांक 16 सितम्बर, 1997 द्वारा बैंक नोट प्रेस, देवास को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों लिए 17 सितम्बर, 1997 से छः मास की कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित किया था ;

और केन्द्रीय सरकार की राय है कि लोकहित में उक्त कालावधि को छः मास की और कालावधि के लिए बढ़ाया जाना अपेक्षित है ;

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (6) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 17 मार्च, 1998 से छः मास की और कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित करती है ।

[सं० एस-11017/4/97-आई०आर० (नीति विधि)]
एच० सी० गुप्ता, अवर सचिव.

New Delhi, the 27th February, 1998

S.O. 564.—Whereas the Central Government having been satisfied that the public interest so required had, in pursuance of the provisions of sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), declared by the Notification of the Government of India in the Ministry of Labour S.O. No. 2466 dated the 16th Sept., 1997 services in Bank Note Press, Dewas (M.P.) to be a public utility service for the purpose of the said Act, for a period of six months from the 17th Sept., 1997;

And whereas, the Central Government is of opinion that public interest requires the extension of the said period by a further period of six months;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947, the Central Government hereby declares the said industry to be a public utility service for the purposes of the said Act for a period of six months from the 17th March, 1998.

[No. S-11017/4/97-IR(PL)]
H. C. GUPTA, Under Secy.

नई दिल्ली, 9 मार्च, 1998

का० आ० 565.—केन्द्रीय सरकार का समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा अपेक्षित है कि इंडिया गवर्नमेंट मिन्ट, मुम्बई में सेवाओं को जिसे औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की प्रथम अनुसूची की प्रविष्टि 11 के अन्तर्गत निर्दिष्ट किया गया है, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए लोक उपयोगी सेवाएं घोषित किया जाना चाहिए ।

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए तत्काल प्रभाव से छः मास की कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित करती है ।

[संख्या एस-11017/14/97-औ०स० (नी०वि०)]
एच० सी० गुप्ता, अवर सचिव

New Delhi, the 9th March, 1998

S.O. 565.—Whereas the Central Government is satisfied that the public interest requires that the services in the India Government Mint, Mumbai which is covered by item 11 of the First Schedule to the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), should be declared to be a public utility service for the purposes of the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947, the Central Government hereby declares with immediate effect the said industry to be a public utility service for the purposes of the said Act for a period of six months.

[No. S-11017/14/97-IR(PL)]
H. C. GUPTA, Under Secy.

नई दिल्ली, 9 मार्च, 1998

का० आ० 566.—केन्द्रीय सरकार ने यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना अपेक्षित था, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (6) के उपबन्धों के अनुसरण में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का०आ० 2384 दिनांक 10 सितम्बर, 97 द्वारा इंडिया गवर्नमेंट मिन्ट, कलकत्ता को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 10 सितम्बर, 1997 से छः मास की कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित किया था ;

और केन्द्रीय सरकार की राय है कि लोकहित में उक्त कालावधि को छः मास की और कालावधि के लिए बढ़ाया जाना अपेक्षित है ;

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (न) के उपखंड (6) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए 10 मार्च, 1998 से छः मास की और कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित करती है ।

[सं० एस-11017/1/97-आई०आर० (नीति विधि)]

एच० सी० गुप्ता, अवर सचिव

New Delhi, the 9th March, 1998

S.O. 566.—Whereas the Central Government having been satisfied that the public interest so required had, in pursuapce of the provisions of sub-clause (vi) of the clause (n) of section 2 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), declared by the Notification of the Government of India in the Ministry of Labour S. O. No. 2384 dated the 10th September, 1997, India Government Mint, Calcutta to be a public utility service for the purpose of the said Act, for a period of six months from the 10th September, 1997;

And whereas, the Central Government is of opinion that public interest requires the extension of the said period by a further period of six months;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the provisio to sub-clause (vi) of clause (n) of section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947, the Central Government hereby declares the said industry to be a public utility service for the purposes of the said Act for a period of six months from the 10th March, 1998.

[No. S-11017/1/97-IR (P.L.)]

H. C. GUPTA, Under Secy.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Maya Puri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054, 1998